**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**TBC : 07/18/SET** **Booklet Sr. No.** 073073

**Roll No.** | | | | | | | | |

## HINDI

## PAPER II

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 200

### Instruction for the Candidates

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Test Booklet except in the space provided for rough work.
2. This paper consists of ***one hundred*** **(100)** multiple-choice type of questions. ***All*** questions carry equal marks.
3. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - *(i)* **To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.**
   - *(ii)* **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Each item has four alternatives response marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below for the correct response against each item completely with **Blue/Black ball point pen** as shown below. H.B. Pencil should not be used in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet.

   Example : (A) ● (C) (D) Where (B) is correct response.
5. Your responses to the each item are to be indicated in the **OMR** Sheet provided to you only. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough work is to be done in the end of this booklet.
8. **If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.**
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
11. **There are no negative marks for incorrect answers.**
12. **CARRYING AND USE OF ELECTRONICS/COMMUNICATION DEVICES IN EXAMINATION HALL IS NOT ALLOWED.**

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

# हिंदी

## प्रश्नपत्र II

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 200

**नोट** :— इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. नागरी प्रचारिणी ,सभा की स्थापना कब हुई?
   (A) 1900 ई. (B) 1904 ई.
   (C) 1893 ई. (D) 1897 ई.

2. कौनसा कथन सही है ?
   (A) खड़ी बोली में संज्ञा शब्दों के साथ 'वा' जुड़ता है।
   (B) ब्रज की क्रियाओं में व्यंजन द्वित्व का प्राधान्य है।
   (C) अवधी में औकारांत की प्रवृत्ति है।
   (D) भोजपुरी में 'ने' विभक्ति-चिह्न का अभाव है।

3. निम्नलिखित में से नाट्य संधियाँ हैं :
   (A) प्रारंभ, प्रयत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति, फलागम
   (B) बीज, बिंदु, पताका, प्रकरी, कार्य
   (C) मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श, निर्वहण
   (D) विष्कंभक, चूलिका, अंकास्य, अंकावतार, प्रवेशक

4. 'तमस' का कौनसा पात्र कथनी-करनी में समान होने की विडंबना को व्यक्त करता है ?
   (A) शंकर (B) जरनैल सिंह
   (C) मेहता जी (D) कश्मीरी लाल

5. मीरा की निम्नलिखित पंक्तियों में से किसमें खुली चुनौती का भाव है ?
   (A) लोक लाज कुलरा मरजादां जग में णेक न राख्यां री।
   (B) भाया छांड्या बन्धा छांड्या छांड्या सगा सूयां।
   (C) थे कह्यां छाणे म्हां कां चोड्डे लियां बजंता ढोल।
   (D) मीरां री लगण लग्यां होणा हो जो हूंया।

6. निम्नलिखित में से कौन गद्य और काव्य की भाषा में कोई तात्विक भेद नहीं मानते ?
   (A) टी.एस. इलियट (B) वर्ड्सवर्थ
   (C) अरस्तू (D) आई.ए. रिचर्ड्स

7. जैनेन्द्र कुमार का पहला उपन्यास है :

(A) परख
(B) सुनीता
(C) त्यागपत्र
(D) कल्याणी

8. निम्नलिखित में से अपादान कारक का उदाहरण है :

(A) संपत्ति से प्रतिष्ठा बढ़ती है।
(B) लड़का कुत्ते से डरता है।
(C) विद्यार्थी क्रम से बैठे हैं।
(D) मुझसे कोई उपाय न बन पड़ा।

9. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादन का कार्यभार सँभाला था :

(A) 1900 ई. में
(B) 1901 ई. में
(C) 1902 ई. में
(D) 1903 ई. में

10. 'अंधा युग' में कृष्ण को 'प्रभु नहीं वंचक' कहा है :

(A) गांधारी ने
(B) धृतराष्ट्र ने
(C) संजय ने
(D) अश्वत्थामा ने

11. 'मैला आँचल' में वर्ग-संघर्ष का पक्षधर है :

(A) कालीचरण
(B) बालदेव
(C) बावनदास
(D) विश्वनाथ प्रसाद

12. 'नागमती-वियोग खंड' में बारहमासा की शुरूआत हुई है :

(A) क्वार से
(B) फागुन से
(C) असाढ़ से
(D) भादों से

13. 'हंस' पत्रिका के अल्पसंख्यकों पर केंद्रित अंक का संपादन किया था :

(A) राजेन्द्र यादव ने
(B) अब्दुल बिस्मिल्लाह ने
(C) असग़र वजाहत ने
(D) से. रा. यात्री ने

14. निम्नलिखित में से 'मुक्त साहचर्य' का पर्याय है :

(A) आदर्शवाद
(B) यथार्थवाद
(C) प्रकृतिवाद
(D) फैन्टेसी

15. निम्नलिखित में रामविलास शर्मा की पुस्तक **नहीं** है :

(A) भारतीय सौंदर्यबोध और तुलसीदास
(B) क्रांतिकारी कवि निराला
(C) परंपरा का मूल्यांकन
(D) प्रेमचंद और उनका युग

16. 'हम हशमत' शीर्षक के अंतर्गत संस्मरण लिखे हैं :

(A) हरिशंकर परसाई ने
(B) काशीनाथ सिंह ने
(C) कांतिकुमार जैन ने
(D) कृष्णा सोबती ने

17. किस लेखक ने अपने इतिहास-ग्रंथ में भक्तिकाल तक का ही इतिहास लिखा है ?
(A) राहुल सांकृत्यायन
(B) रामकुमार वर्मा
(C) श्यामसुंदर दास
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

18. 'विशिष्टाद्वैत' का संबंध किस आचार्य से है ?
(A) रामानुज
(B) मध्वाचार्य
(C) निम्बार्क
(D) वल्लभाचार्य

19. अमीर खुसरो के बाद 'मुकरी' लिखने वाले कवि हैं :
(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(B) प्रतापनारायण मिश्र
(C) प्रेमघन
(D) जगमोहन सिंह

20. 'जमीन पक रही है' काव्यकृति के रचनाकार हैं :
(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) केदारनाथ सिंह
(C) रघुवीर सहाय
(D) शमशेर बहादुर सिंह

21. आपातकाल के दौरान किन साहित्यकारों द्वारा यकायक व्यवस्था-विरोध की जगह व्यवस्था के समर्थन में कुछ लिखने पर 'एक कहानी यह भी' में हैरत प्रकट की गई है :
(A) धर्मवीर भारती और पंकज बिष्ट
(B) धर्मवीर भारती और कमलेश्वर
(C) पंकज बिष्ट और रघुवीर सहाय
(D) रघुवीर सहाय और धर्मवीर भारती

22. 'रजिया' संस्मरण में अभिव्यक्ति **नहीं** है :
(A) स्त्री के प्रति पुरुष-विकर्षण की
(B) स्त्रियोचित हास-परिहास की
(C) प्रतिष्ठा के कारण उपजी झिझक की
(D) अतीत में उपजे लगाव की

23. 'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है' में विस्तृत आलोचना की गई है :
(A) अँगरेज़ी राज की
(B) भारतीयों के आलस्य की
(C) विदेशी वस्तुओं की
(D) ऊँची जाति के लोगों की

24. 'महाभोज' में लेखिका ने लोकतंत्र के किस स्तंभ के प्रति आशा का भाव व्यक्त किया है ?
(A) विधायिका
(B) कार्यपालिका
(C) प्रेस
(D) न्यायपालिका

25. 'गैंग्रीन' कहानी के संदर्भ में कौनसा कथन सत्य **नहीं** है ?
(A) इस कहानी में एकरसता को संरचनात्मक स्तर पर प्रस्तुत किया गया है।
(B) यह कहानी मनोविज्ञान के धरातल पर लिखी गई मार्मिक कहानी है।
(C) इसमें स्थिति का स्वीकार मध्यवर्गीय जीवन की नियति है।
(D) इसमें सामाजिक संदर्भ और व्यक्ति चरित्र की गहन संवेदना का अभाव है।

26. 'नयी कविता' के किस कवि का संबंध गाँधीवादी विचारधारा से है ?

(A) अज्ञेय
(B) शमशेर बहादुर सिंह
(C) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
(D) भवानी प्रसाद मिश्र

27. 'विशिष्ट पद-रचना' कहा गया है :

(A) अलंकार को
(B) रीति को
(C) वक्रोक्ति को
(D) ध्वनि को

28. 'मन आवेगों का तंत्र है'-यह कथन है :

(A) टी.एस. इलियट का
(B) आई. ए. रिचर्ड्स का
(C) वर्ड्सवर्थ का
(D) कॉलरिज का

29. भारत के संविधान में राजभाषा संबंधी अनुच्छेद हैं :

(A) 342 से 351 तक
(B) 342 से 357 तक
(C) 343 से 351 तक
(D) 343 से 357 तक

30. 'आत्मजयी' की कथावस्तु का आधार है :

(A) कठोपनिषद्
(B) मुंडकोपनिषद्
(C) वृहदारण्यकोपनिषद्
(D) छांदोग्योपनिषद्

31. 'कविता क्या है' निबंध के अनुसार कविता की आयु बढ़ती है :

(A) अलंकार से
(B) वक्रोक्ति से
(C) मूर्त विधान से
(D) नाद-सौंदर्य से

32. 'लाल पान की बेगम' में **नहीं** है :

(A) गृहस्थ-प्रेम की अभिव्यक्ति
(B) वात्सल्य का चित्रण
(C) श्रम के फल के प्रति मोह
(D) सामूहिकता के विघटन का दंश

33. "दो बार जेल हो आए थे। किसी से दबना न जानते थे, खद्दर पहनते थे और फ्रांस की शराब पीते थे।"

'गोदान' के उपर्युक्त कथन में व्यंग्य किया गया है :

(A) खन्ना साहब पर
(B) राय साहब पर
(C) मेहता जी पर
(D) मिर्ज़ा साहब पर

34. 'रश्मिरथी' में इन्द्र द्वारा प्रदत्त किस शस्त्र से कर्ण ने घटोत्कच का वध किया ?

(A) पाशुपत
(B) वज्र
(C) वृतघ्नी
(D) एकघ्नी

35. 'विखंडन' के लिए जाना जाता है :
(A) फ्रेडरिक जेमसन को
(B) देरिदा को
(C) डैनियल बैल को
(D) रोला बार्थ को

36. दंडी के अनुसार काव्य-गुणों की संख्या है :
(A) 5
(B) 20
(C) 10
(D) 3

37. हिंदी के प्रथम नाटक के रूप में चर्चित 'नहुष' के लेखक हैं :
(A) बाबू गोपालचंद्र
(B) राजा लक्ष्मण सिंह
(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(D) श्रीनिवास दास

38. निम्नलिखित में से यात्रा-वृत्तांत है :
(A) एक बूँद सहसा उछली
(B) नदी की बाँक पर छाया
(C) इंद्रधनु रौंदे हुए ये
(D) कितनी नावों में कितनी बार

39. ग्रामांचल से संबंधित उपन्यास है :
(A) सूरज का सातवाँ घोड़ा
(B) अलग-अलग वैतरणी
(C) अँधेरे बंद कमरे
(D) नदी के द्वीप

40. निम्नलिखित बोली-क्षेत्र युग्मों में से कौनसा **सही** है ?
(A) ब्रज—मथुरा, भरतपुर, एटा, रामपुर
(B) बुंदेली—झाँसी, जालौन, दतिया, ग्वालियर
(C) कुमाऊँनी—नैनीताल, अल्मोड़ा, चमोली, पिथौरागढ़
(D) अवधी—लखनऊ, जौनपुर, बलिया, बाराबंकी

41. सिद्धों ने 'चर्यापदों' की रचना किस भाषा में की है?
(A) संस्कृत
(B) अवहट्ठ
(C) प्राकृत
(D) ब्रजमिश्रित खड़ी बोली

42. 'सूरसागर' की रचना का आधार है :
(A) महाभारत
(B) विष्णु पुराण
(C) श्रीमद्भागवत पुराण
(D) ब्रह्मवैवर्त पुराण

43. बालकृष्ण भट्ट के निबंध किन पत्रों में प्रकाशित होते थे ?
(A) 'हरिश्चंद्र मैगजीन' और 'ब्राह्मण' में
(B) 'हिंदी प्रदीप' और 'ब्राह्मण' में
(C) 'हिंदी प्रदीप' और 'आनंदकादंबिनी' में
(D) 'आनंदकादंबिनी' और 'ब्राह्मण' में

44. 'आकाशदीप' की मूल आधारभूमि है :

(A) दस्यु जीवन का संघर्ष
(B) स्त्री सशक्तीकरण
(C) चम्पा का बाह्य द्वंद्व
(D) मन का गहन अन्तर्द्वन्द्व

45. तुलसी ने राम के उसी प्रकार प्रिय होने की अभिलाषा की है, जिस प्रकार :

(A) कामी को स्त्री होती है
(B) कंजूस को धन होता है
(C) योद्धा को शस्त्र होता है
(D) पिता को पुत्र होता है

46. "अन्याय जिधर, हैं उधर शक्ति! कहते छल-छल
हो गये नयन, कुछ बूँद पुनः ढलके दृगजल,
रुक गया कंठ, चमका लक्ष्मण-तेजः प्रचंड,
धँस गया धरा में कपि गह युग पद मसक दंड"

'राम की शक्तिपूजा' की इन पंक्तियों में राम की आँखों से आँसू टपकते देख :

(A) हनुमान ने वहाँ रखे छत्र दंड को तोड़ दिया।
(B) हनुमान धरती में गड़ गए।
(C) राम के पैरों को पकड़कर हनुमान कसमसा कर रह गए।
(D) हनुमान लक्ष्मण की तरह क्रोधित हो गए।

47. 'परिवर्तन' कविता में परिवर्तन के लिए किसका रूपक प्रयुक्त हुआ है ?

(A) मेघ का
(B) अंबर का
(C) तांडव नर्तन का
(D) वासुकि का

48. निम्नलिखित में से कौनसा आलोचक 'नई समीक्षा' से संबंधित **नहीं** है ?

(A) लूसिय गोल्डमान
(B) बुअलो
(C) एफ.आर. लीविस
(D) टेरी इगल्टन

49. देवनागरी लिपि की विशेषता **नहीं** है :

(A) ग्राह्यता
(B) वर्णात्मकता
(C) सुपाठ्यता
(D) क्रमबद्धता

50. इनमें से कौनसी ध्वनि तालव्य **नहीं** है ?

(A) श
(B) य
(C) ज
(D) र

51. शब्दकोशानुसार सही क्रम वाले विकल्प हैं :

(*a*) मुलम्मा, मृगतृष्णा, मौजूद, म्लानता

(*b*) म्लानता, मृगतृष्णा, मुल्लमा, मौजूद

(*c*) अंजना, अंतर्कथा, अजान, अध्यक्ष

(*d*) अजान, अध्यक्ष, अंजना, अंतर्कथा

**कोड :**

(A) (*a*) और (*d*) सही
(B) (*a*) और (*c*) सही
(C) (*a*) और (*b*) सही
(D) (*c*) और (*d*) सही

52. अपभ्रंश के विषय में दिए गए कथन कि :

(*a*) इसमें 'लृ' ध्वनि का लोप हो गया।

(*b*) इसमें द्विवचन का उपयोग होता रहा।

(*c*) इसमें व्यंजन द्वित्वीकरण की प्रवृत्ति घटी।

(*d*) इसमें व्यंजन ध्वनियों के लिए स्वरागम होने लगा।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*d*) सही
(B) (*a*) और (*b*) सही
(C) (*c*) और (*d*) सही
(D) (*b*) और (*c*) सही

53. सिद्धों द्वारा प्रणीत 'दोहाकोश' और 'चर्यागीत' की विषयवस्तु है :

(*a*) दोहों में मतों का खंडन-मंडन किया गया है।

(*b*) चर्यापदों में अनुभूति और रहस्यभावना की प्रधानता है।

(*c*) दोहों में धार्मिक भावाकुलता है।

(*d*) चर्यापद शृंगारिक हैं।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही
(B) (*b*) और (*d*) सही
(C) (*b*) और (*c*) सही
(D) (*a*) और (*d*) सही

54. रीतिकाल के आखिरी दौर में लिखी गई बहुत-सी कविताओं में है :

(*a*) भारत में पाँव पसारते अंग्रेजों को लेकर चिंता

(*b*) इतिहास-सम्मत प्रामाणिक वर्णन

(*c*) घोर शृंगारिकता

(*d*) वर्ण-जाति-भेद का विरोध

**कोड :**

(A) (*a*) और (*d*) सही
(B) (*b*) और (*c*) सही
(C) (*a*) और (*b*) सही
(D) (*c*) और (*d*) सही

55. भारतेन्दुयुगीन कविता की विशेषताएँ हैं :

(*a*) मध्यकालीनता बोध की प्रमुखता

(*b*) आधुनिकता

(*c*) राष्ट्रीयता

(*d*) सामाजिक चेतना

**कोड :**

(A) (*a*), (*b*) और (*c*) सही

(B) (*a*), (c) और (*d*) सही

(C) (*a*), (*b*) और (*d*) सही

(D) (*b*), (c) और (*d*) सही

56. साहित्य की गद्य-विधाओं के संदर्भ में सही कथन हैं :

(*a*) 'तूफानों के बीच' बंगाल के अकाल में संबंधित रिपोर्ताज है।

(*b*) 'निराला की साहित्य साधना' के जीवनी भाग पर ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया।

(*c*) 'कितनी नावों में कितनी बार' अज्ञेय का यात्रा-वृत्तांत है।

(*d*) 'अपनी खबर' पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' की आत्मकथा है।

**कोड :**

(A) (*c*) और (*d*) सही

(B) (*b*) और (*c*) सही

(C) (*a*) और (*b*) सही

(D) (*a*) और (*d*) सही

57. निम्नलिखित में से **सही** कथन है :

(*a*) नंददुलारे वाजपेयी छायावादी कविता के प्रमुख आलोचक हैं।

(*b*) रामविलास शर्मा नयी कविता को अस्तित्ववादी प्रभाव से मुक्त मानते हैं।

(*c*) नेमिचंद्र जैन हिंदी नाटक के समर्थ आलोचक हैं।

(*d*) विजयदेवनारायण साही जायसी के काव्य को दोयम दरजे का मानते हैं।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही

(B) (*b*) और (*c*) सही

(C) (*a*) और (*c*) सही

(D) (*b*) और (*d*) सही

58. निम्नलिखित में से **सही** कथन है :

(*a*) किसी पद का केवल पादपूर्ति-मात्र के लिए प्रयुक्त होना ग्राम्यत्व दोष है।

(*b*) किसी पद में परुषवर्णता का होना श्रुतिकटुत्व दोष है।

(*c*) किसी पद का व्याकरण के नियम-विरुद्ध होना च्युतसंस्कृति दोष है।

(*d*) किसी पद का विलंब से अपने अर्थ को प्रकट करना निरर्थक दोष है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही

(B) (*b*) और (*d*) सही

(C) (*c*) और (*d*) सही

(D) (*b*) और (*c*) सही

59. हीन भएँ जल मीन अधीन, कहा कछु मो अकुलानि-समानै।
नीर-सनेही कों लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानै।
प्रीति की रीति सु क्यौं समुझै जड़, मीत के पानि परे को प्रमानै।
या मन की जु दास घनआनँद जीव की जीवनि जान ही जानै।।
इस छंद का भावार्थ यह है कि :
(*a*) प्रेमिका की विरह-व्यथा को उसका प्रेमी ही समझ सकता है।
(*b*) प्रेमी हृदयहीन और जड़ है।
(*c*) मछली अपने प्राण देकर भी प्रेमी जल को कलंकित नहीं करती है।
(*d*) मछली और प्रेमिका की व्याकुलता एक जैसी है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही
(B) (*b*) और (*c*) सही
(C) (*a*) और (*d*) सही
(D) (*c*) और (*d*) सही

60. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' गीत का भाव है :
(*a*) स्त्री इन्द्रधनुषी सपनों में खोई रहती है।
(*b*) स्त्री अपने आँसुओं से सृजन करती है।
(*c*) स्त्री में नश्वरता-बोध अधिक होता है।
(*d*) स्त्री को उसके प्रदेय का श्रेय नहीं मिलता रहा है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही
(B) (*b*) और (*c*) सही
(C) (*b*) और (*d*) सही
(D) (*c*) और (*d*) सही

61. 'राग दरबारी' के विषय में कहा जा सकता है कि :
(*a*) यह नेहरू युग के अन्त के मोहभंग वाले वातावरण की रचना है।
(*b*) इसमें शिवपालगंज के चरित्रों की शाब्दिक फोटोग्राफी है।
(*c*) इसमें भूमि-समस्या को गहराई से उठाया गया है।
(*d*) इसके संवाद जीवंत एवं नाट्यधर्मी हैं।

**कोड :**

(A) (*a*), (*b*) और (*d*) सही
(B) (*a*), (*b*) और (*c*) सही
(C) (*b*), (c) और (*d*) सही
(D) (*a*), (c) और (*d*) सही

62. 'पिता' कहानी के पिता की विशेषताएँ हैं :
(*a*) पिता किसी आधुनिक सुविधा को स्वीकार नहीं करते।
(*b*) पिता को अपने कर्तव्यों का बोध नहीं है।
(*c*) पिता नई पीढ़ी के प्रति आश्वस्त हैं।
(*d*) अतीत के प्रति पिता की आसक्ति है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*b*) सही
(B) (*b*) और (*c*) सही
(C) (*a*) और (*d*) सही
(D) (c) और (*d*) सही

63. 'आधे-अधूरे' के संदर्भ में दिए गए कथन, कि :

(*a*) यह स्त्री-पुरुष के बीच लगाव और तनाव का दस्तावेज है।

(*b*) यह अपर्याप्त रंग-निर्देशों वाली नाट्य कृति है।

(*c*) इसमें सावित्री के व्यक्तित्व की सार्थक समीक्षा जुनेजा करता है।

(*d*) इसमें पारिवारिक तनाव के पीछे सावित्री की बहुमुखी और अनंत अपेक्षाएँ हैं।

**कोड :**

(A) (*a*), (*b*) और (*c*) सही  (B) (*b*), (*c*) और (*d*) सही

(C) (*a*), (*c*) और (*d*) सही  (D) इनमें से कोई नहीं

64. 'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है?' निबंध अथवा भाषण में :

(*a*) विदेशी लोगों की प्रगति का कारण लूट-खसोट को माना गया है।

(*b*) अँग्रेजों की संस्कृतिहीनता को उजागर किया गया है।

(*c*) परंपरा के प्रति विवेकपूर्ण रवैया अपनाने का आग्रह है।

(*d*) समय-प्रबंधन के महत्व को समझाया गया है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*d*) सही  (B) (*b*) और (*c*) सही

(C) (*c*) और (*d*) सही  (D) (*b*) और (*d*) सही

65. दलित विमर्श की विशेषता नहीं है कि वह :

(*a*) गैर दलित लेखकों की रचनाओं का दलित पुनर्पाठ करता है।

(*b*) बौद्ध धर्म और दर्शन को एकमत से अपना अनिवार्य घटक मानता है।

(*c*) दलित साहित्य का परंपरा से कोई संबंध नहीं मानता।

(*d*) वामपंथ की वर्ग की अवधारणा पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

**कोड :**

(A) (*a*) और (*d*) सही  (B) (*b*) और (*c*) सही

(C) (*a*) और (*d*) सही  (D) (*c*) और (*d*) सही

66. निम्नलिखित विकल्पों में से किसके शब्द कोशानुसार अकरादि क्रम से हैं :

(A) समाधान, संकल्पना, समंजस, सत्रागार  (B) संकल्पना, सत्रागार, समंजस, समाधान

(C) संकल्पना, समंजस, सत्रागार, समाधान  (D) समाधान, सत्रागार, संकल्पना, समंजस

67. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार सूफी काव्य-ग्रंथों का **सही** ऐतिहासिक क्रम है :

(A) मृगावती, मधुमालती, पदमावत, चित्रावली (B) मधुमालती, मृगावती, पदमावत, चित्रावली

(C) पदमावत, मृगावती, मधुमालती, चित्रावली (D) मृगावती, पदमावत, मधुमालती, चित्रावली

68. प्रकाशन वर्ष के अनुसार उपन्यासों का सही क्रम है :

(A) मुझे चाँद चाहिए, चित्तकोबरा, कठगुलाब, आवाँ

(B) मुझे चाँद चाहिए, कठगुलाब, कलिकथा : वाया बाईपास, आवाँ

(C) कलिकथा : वाया बाईपास, मुझे चाँद चाहिए, कठगुलाब

(D) आवाँ, उसके हिस्से की धूप, कलिकथा : वाया बाईपास, मुझे चाँद चाहिए

69. निम्नलिखित नाटकों का प्रकाशन-वर्ष की दृष्टि से सही क्रम है :

(A) सिंदूर की होली, अंधा युग, बकरी, आगरा बाज़ार

(B) अंधा युग, सिंदूर की होली, बकरी, आगरा बाज़ार

(C) आगरा बाज़ार, सिंदूर की होली, अंधा युग, बकरी

(D) सिंदूर की होली, अंधा युग, आगरा बाज़ार, बकरी

70. रस-निष्पत्ति संबंधी मतों का सही ऐतिहासिक क्रम है :

(A) अनुमितिवाद, भुक्तिवाद, उत्पत्तिवाद, अभिव्यक्तिवाद

(B) उत्पत्तिवाद, अभिव्यक्तिवाद, भुक्तिवाद, अनुमितिवाद

(C) उत्पत्तिवाद, अनुमितिवाद, भुक्तिवाद, अभिव्यक्तिवाद

(D) भुक्तिवाद, उत्पत्तिवाद, अभिव्यक्तिवाद, अनुमितिवाद

71. मार्क्सवाद के निम्नलिखित महत्वपूर्ण विचारकों का सही ऐतिहासिक क्रम है :

(A) एंगेल्स, लेनिन, माओत्से तुंग (B) माओत्से तुंग, लेनिन, एंगेल्स

(C) लेनिन, एंगेल्स, माओत्से तुंग (D) एंगेल्स, माओत्से तुंग, लेनिन

72. 'कामायनी' में सर्गों का सही क्रम है :

(A) चिंता, आशा, काम, श्रद्धा (B) आशा, चिंता, श्रद्धा, काम

(C) चिंता, आशा, श्रद्धा, काम (D) चिंता, काम, श्रद्धा, आशा

73. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'पदमावत' के खंडों का सही क्रम है :

(A) नखशिख खंड, सिंहलद्वीप वर्णन खंड, मानसरोदक खंड, नागमती-वियोग खंड

(B) मानसरोदक खंड, नखशिख खंड, सिंहलद्वीप वर्णन खंड, नागमती-वियोग खंड

(C) सिंहलद्वीप वर्णन खंड, नखशिख खंड, नागमती-वियोग खंड, मानसरोदक खंड

(D) मानसरोदक खंड, सिंहलद्वीप वर्णन खंड, नागमती-वियोग खंड, नखशिख खंड

74. प्रकाशन-वर्ष के अनुसार कहानियों का सही क्रम है :

(A) कानों में कँगना, उसने कहा था, एक टोकरी भर मिट्‌टी, दुलाईवाली

(B) एक टोकरी भर मिट्‌टी, दुलाईवाली, कानों में कँगना, उसने कहा था

(C) दुलाईवाली, कानों में कँगना, एक टोकरी भर मिट्‌टी, उसने कहा था

(D) एक टोकरी भर मिट्‌टी, उसने कहा था, कानों में कँगना, दुलाईवाली

75. निम्नलिखित आत्मकथाओं का प्रकाशन-वर्ष की दृष्टि से सही क्रम है :

(A) एक कहानी यह भी, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मुर्दहिया, आपहुदरी

(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, एक कहानी यह भी, मुर्दहिया, आपहुदरी

(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, मुर्दहिया, एक कहानी यह भी, आपहुदरी

(D) एक कहानी यह भी, मुर्दहिया, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, आपहुदरी

76. 'कविता क्या है ?' निबंध के आधार पर काव्य-प्रवृत्तियों और उनसे संबंधित कवियों को सुमेलित कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अलंकारों की भद्‌दी भरती | (*i*) | मंडन |
| (*b*) | लक्षणा द्वारा स्पष्ट आकार-प्रकार का विधान | (*ii*) | मतिराम |
| (*c*) | बिना किसी वैचित्र्य या लोकोत्तर चमत्कार के भाव-व्यंजना | (*iii*) | तुलसी |
| (*d*) | रूपक के व्यंग्य के साथ भाव सबलता का गुंफन | (*iv*) | केशव |
| | | (*v*) | सूरदास |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (B) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*v*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) |

77. 'अँधेरे में' कविता के संदर्भ में सही उपमेय-उपमान को सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | प्रिय-रूप | (*i*) | ज्वालाएँ |
| (*b*) | भविष्य का नशा | (*ii*) | अंधकार स्तूप |
| (*c*) | दिल | (*iii*) | संभावित स्नेह |
| (*d*) | भयंकर बरगद | (*iv*) | द्युति आकृति |
| | | (*v*) | ढिबरी |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (B) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) |
| (C) | (*v*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |

78. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनकी रचनाओं से सुमेलित कीजिए :

**सूची I**

(*a*) लेइगा कृस्नहि गरुड़ अलोपी।
कठिन बिछोह, जियहिं किमि गोपी?

(*b*) प्रेम रहित यह जोग कौन काज गायो?
दीनन सों निठुर बचन कहे कहा पायो?

(*c*) बहुबिध चित्र बनाय कै,
हरि रच्यौ, क्रीड़ा-रास।
जेहि न इच्छा झूलिबे की,
ऐसी बुधि केहि पास।।

(*d*) जोग अगिनि करि प्रगट तब
कर्म सुभासुभ लाइ।
बुद्धि सिरावै ग्यान घृत
ममता मल जरि जाइ।।

**सूची II**

(*i*) कबीर
(*ii*) जायसी
(*iii*) सूरदास
(*iv*) बिहारी
(*v*) तुलसीदास

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (C) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) |

79. रामचंद्र शुक्ल के वक्तव्यों को संबंधित कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| (*a*) | ये प्रेमोन्मत्त कवि थे और अपनी तरंग के अनुसार रचना करते थे। | (*i*) | आलम |
| (*b*) | ये साक्षात रसमूर्ति और ब्रजभाषा काव्य के प्रधान स्तंभों में हैं। | (*ii*) | घनानंद |
| (*c*) | 'प्रेम की पीर' की व्यंजना भी इन्होंने बड़े मर्मस्पर्शिनी युक्ति से की है। | (*iii*) | बोधा |
| (*d*) | ये ऊहा के बल पर कारीगरी के मजमून बाँधने के प्रयासी कवि न थे। | (*iv*) | पद्माकर |
| | | (*v*) | द्विजदेव |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) | (*iii*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (D) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |

80. निम्नलिखित संवादों और पात्रों को सुमेलित कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| (*a*) | कोई भूमि ऐसी नहीं जिसके अंतर में कोमलता न हो। | (*i*) | अंबिका |
| (*b*) | योग्यता एक चौथाई व्यक्तित्व का निर्माण करती है। शेष पूर्ति प्रतिष्ठा द्वारा होती है। | (*ii*) | मातुल |
| (*c*) | राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। जितना संभव है कि ऐसा न हो, उतना ही संभव है कि ऐसा हो। | (*iii*) | मल्लिका |
| (*d*) | सम्मान प्राप्त होने पर सम्मान के प्रति प्रकट की गयी उदासीनता व्यक्ति के महत्व को बढ़ा देती है। | (*iv*) | कालिदास |
| | | (*v*) | निक्षेप |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (D) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |

81. 'मजदूरी और प्रेम' निबंध में दिए गए रूपक के आधार पर सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (a) | हवन सामग्री | (i) | खेत |
| (b) | हवनशाला | (ii) | जगत |
| (c) | हवनकुंड की ज़्वाला-किरणें | (iii) | गेहूँ के दाने |
| (d) | अग्नि की चिनगारियों की डलियाँ | (iv) | चावल के दाने |
| | | (v) | शरीर |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (v) | (ii) | (iv) | (iii) |

82. निम्नलिखित शब्दों को उनकी व्याकरणिक कोटियों से सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (a) | इस | (i) | निजवाचक सर्वनाम |
| (b) | टहलना | (ii) | सकर्मक क्रिया |
| (c) | आप | (iii) | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| (d) | कोई | (iv) | सार्वनामिक विशेषण |
| | | (v) | अकर्मक क्रिया |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (v) |
| (C) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (v) | (i) | (iii) |

83. निम्नलिखित काव्य-प्रवृत्तियों को संबंधित युगों से सुमेलित कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) इतिवृत्तात्मकता | (*i*) भारतेन्दु युग |
| (*b*) वैयक्तिकता | (*ii*) द्विवेदी युग |
| (*c*) निस्संगता | (*iii*) छायावाद |
| (*d*) अनुभूति की प्रामाणिकता | (*iv*) नई कविता |
| | (*v*) अकविता |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (C) | (*v*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |
| (D) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) |

84. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को काव्य-दोष के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) कब आएगा मिलन प्रात, उमड़ेगी सुख हिल्लोल। | (*i*) ग्राम्यत्व |
| (*b*) चोरत है पर उक्ति को जे कवि है स्वच्छंद। वे उत्सर्ग रु बमन को उपभोगत मतिमंद।। | (*ii*) न्यूनपदत्व |
| (*c*) शत-शत संकल्प-विकल्पों के अल्पों में कल्प बनाती सी। | (*iii*) अश्लीलत्व |
| (*d*) लपटी पुहुप पराग पट सनी स्वेद मकरंद, आवत नारि नवोढ़ लौं सुखद वायुगति मंद। | (*iv*) अधिकपदत्व |
| | (*v*) च्युतसंस्कृतत्व |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (B) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) |
| (D) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |

85. निम्नलिखित लेखकों को उनकी पुस्तकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) ल्योटार्ड | (*i*) ओरिएन्टलिज़्म |
| (*b*) देरिदा | (*ii*) द कन्डीशन ऑफ़ पोस्ट मोडर्ननिटी |
| (*c*) फ्रेडरिक जेमएन | (*iii*) द पोस्टमॉडर्न कंडीशन : ए रिपोर्ट ऑफ़ नॉलेज़ |
| (*d*) डेविड हार्वे | (*iv*) ऑफ़ ग्रामेटोलॉज़ी |
| | (*v*) पोस्ट मोडर्ननिज़्म ऑर, द कल्चरल लॉजिक ऑफ़ लेट कैपिटलिज़्म |

कोड :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*v*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) |
| (D) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |

86. निम्नलिखित काव्य-संग्रहों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) इसी दुनिया में | (*i*) राजेश जोशी |
| (*b*) एक दिन बोलेंगे पेड़ | (*ii*) कुँवर नारायण |
| (*c*) आत्मजयी | (*iii*) वीरेन डंगवाल |
| (*d*) अपनी केवल धार | (*iv*) आलोक धन्वा |
| | (*v*) अरुण कमल |

कोड :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) |
| (D) | (*v*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |

87. निम्नलिखित साहित्यकारों को उनके वैचारिक रुझान के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | नाथूराम शर्मा 'शंकर' | (*i*) | लोहियावाद |
| (*b*) | भवानीप्रसाद मिश्र | (*ii*) | नवजागरण |
| (*c*) | शमशेर बहादुर सिंह | (*iii*) | गांधीवाद |
| (*d*) | विजयदेव नाराय़ण साही | (*iv*) | अंबेडकरवाद |
| | | (*v*) | मार्क्सवाद |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) |
| (B) | (*v*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) | (*iv*) |
| (D) | (*i*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |

88. 'गोदान' में आए वर्गों और उनके प्रतिनिधि पात्रों को सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | किसानी छोड़कर मजदूरी की ओर उन्मुख वर्ग का प्रतिनिधि | (*i*) | खन्ना |
| (*b*) | पूँजीपति वर्ग का प्रतिनिधि | (*ii*) | राय साहब |
| (*c*) | भूस्वामी वर्ग का प्रतिनिधि | (*iii*) | गोबर |
| (*d*) | बौद्धिक वर्ग का प्रतिनिधि | (*iv*) | मिस्टर तन्खा |
| | | (*v*) | मेहता |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) |
| (C) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) | (*iv*) |
| (D) | (*v*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |

89. निम्नलिखित विषयों को उनसे संबंधित कहानियों से सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | देशभक्ति की भावना | (*i*) | अमृतसर आ गया है |
| (*b*) | प्रेम और प्रतिशोध का द्वंद्व | (*ii*) | गैंग्रीन |
| (*c*) | एकरसता और ऊब | (*iii*) | आकाशदीप |
| (*d*) | सांप्रदायिकता | (*iv*) | एक टोकरी भर मिट्टी |
| | | (*v*) | दुनिया का सबसे अनमोल रतन |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (B) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) | (*i*) |
| (D) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) | (*ii*) |

90. निम्नलिखित वर्णों को उनके उच्चारण-प्रयत्नों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | ढ़् | (*i*) | उत्क्षिप्त |
| (*b*) | र् | (*ii*) | पार्श्विक |
| (*c*) | ल् | (*iii*) | प्रकंपित |
| (*d*) | छ् | (*iv*) | स्पर्शी |
| | | (*v*) | स्पर्श-संघर्षी |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*v*) |
| (B) | (*i*) | (*iii*) | (*v*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **91** से **100** तक के प्रश्नों में **दो** कथन दिए गए हैं। इनमें से एक **स्थापना** और दूसरा **तर्क** है। कोड में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

91. **स्थापना** : चमत्कार का प्रयोग भावुक कवि भी करते हैं।

**तर्क** : कभी-कभी चमत्कार भी किसी भाव की अनुभूति को तीव्र करता है।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

92. **स्थापना** : काव्य-दोष केवल मुख्यार्थ के बाधक हैं, रस के नहीं।

**तर्क** : रस को अखंड, स्वयंप्रकाशित आनंद चिन्मय माना गया है।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

93. **स्थापना** : शंकराचार्य के समान रामानुजाचार्य भी अद्वैत दर्शन के प्रणेता थे।

**तर्क** : रामानुजाचार्य का कहना था कि ईश्वर सर्वशक्तिमान् है और उसने स्वयं अपने अंदर से इस संसार की सृष्टि की है।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

94. **स्थापना** : परंपरा सामूहिक स्मृति की अभिव्यक्ति है।

**तर्क** : उसे धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ त्यौहारों, मेलों, खानपान, वस्त्राभूषण, रीति-रिवाज इत्यादि में देखा जा सकता है।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

95. **स्थापना** : शब्द-काव्य की सिद्धि के लिए वस्तु-काव्य का अनुशीलन परम आवश्यक है।

**तर्क** : कविता की शाब्दिक अभिव्यक्ति के पूर्व काव्य के उद्देश्य पर पूरी तरह विचार करना चाहिए यह वस्तु का पर्याय है।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

96. **स्थापना** : दलित चिंतकों का मार्क्सवादी विचारधारा से मतभेद न होकर सहमति ही है।

**तर्क** : मार्क्सवादी विचारक यह मानते हैं कि दलित-समस्या मूलत: आर्थिक समस्या है और वे इस समस्या को श्रम-विभाजन की दृष्टि से देखते हैं।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

97. **स्थापना** : किसी साहित्यिक रचना को पढ़ने से पहले अपने भीतर यह धारण कर लेना चाहिए कि हम किसी स्वतंत्र चेतना से मुलाकात करने जा रहे हैं।

**तर्क** : रचना में एक भिन्न मत होता है और रचनाकार तथा पाठक के मन कभी समान भूमि पर स्थित नहीं हो सकते।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

98. **स्थापना** : प्रगतिवाद सुनिश्चित सिद्धांतों से निरपेक्ष विचारधारा है।

**तर्क** : वह व्यवस्था के प्रति असंतोष रखता है और उसमें परिवर्तन चाहता है।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

99. **स्थापना** : 'छायावाद' शब्द केवल संयोग से या चल पड़ने के जोर से ही हिंदी में स्वीकार्य हो सका है।

**तर्क** : छायावादी आंदोलन ने हिंदी कविता के स्वरूप में जो परिवर्तन किये, उनका संकेत इस नामकरण से नहीं मिलता।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।

100. **स्थापना** : 'रामचरितमानस' की भाषा-अभिव्यक्ति और भाव-प्रेषण क्षमता अपूर्व है।

**तर्क** : तुलसीदास के अनुसार स्वयं महादेव ने इसे रचकर अपने मन में रखा था और सुअवसर पाकर पार्वती जी से कहा।

**कोड** :

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं और तर्क स्थापना के लिए संगत है।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं, लेकिन तर्क स्थापना के लिए संगत नहीं है।

(C) स्थापना सही है, लेकिन तर्क गलत है।

(D) स्थापना गलत है, लेकिन तर्क सही है।